हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, शनिवार 6 अप्रैल 2024
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

4

निजी स्कूल फीस बढ़ाने में आगे, क्रीड़ा शुल्क पटाने में बरती जा रही कोताही



## खबर संक्षेप

### जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन आज

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार बस स्टैंड में निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन श्रीराम मेडिकल स्टोर व जय मां पैथोलैब के संयुक्त तत्वावधान में 6 अप्रैल की सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे आयोजित किया गया है। शिविर में खूनी बांदी बवासीर, भगंदर, फिशर आदि गुदा रोग, वात रोगी, चर्म रोग, लकवा, तिल, मस्सा, गुरु, साईटिका, एंडी दर्द, जोड़ों का दर्द, बीपी एवं शुगर की निःशुल्क जांच की जाएगी एवं शुगर की दवा निःशुल्क दी जाएगी। शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ.आर.जी.साहू (एमडी) अपनी सेवाएं देंगे।

### कालोनी का निरीक्षण कर दूर की जाएगी समस्या

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा के अधिकारी जेसीसी सदस्य व वेलफेयर कमेटी ने कालोनी का निरीक्षण करेंगे। कालोनी का निरीक्षण करने के बाद दूसरे दिन उन सभी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। एसईसीएल गेवरा में कोयला उत्पादन का लक्ष्य पूरा कर लिया है। इसको देखते हुए जेसीसी सदस्यों ने प्रबंधन को बधाई दी। इस दौरान जेसीसी सदस्यों ने कालोनी की समस्याओं को भी सामने रखा। उड़ रहे धूल से लोगों को हो रही परेशानी का मामला जोर-शोर से उठाया गया। अस्पताल में पेयजल की समस्या की बात रखी गई। तब अधिकारियों ने कहा कि कालोनी का निरीक्षण कर समस्या को दूर किया जाएगा। उड़ रहे धूल को लेकर भामसं से प्रीमत राठौर के द्वारा प्रबंधन को पहले से ही पत्र लिखा गया है। अब आने वाले दिनों में पानी छिडक़ाव सहित कई कार्य किए जाएगें।

### नवरात्रि के दौरान जलेंगे ज्योति कलश

**कोरबा।** अप्रैल से चैत्र नवरात्र पर्व शुरू हो रहा है। इस दौरान जिले के कई देवी मंदिरों में हजारों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। जिले में लगातार हो रही अग्नि दुर्घटनाओं को लेकर जरूरत समझी जा रही है कि मंदिरों में पर्व के दौरान अग्नि शमन से जुड़ी व्यवस्था की जाए। 9 दिन तक अखंड रूप से जलने वाले ज्योति कलश के लिए इसी परिसर में आयल और घी का भंडारण भी किया जाता है। इनकी प्रकृति अत्यंत ज्वलनशील हुआ करती है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि पिछले वर्षों में पर्व से पहले हुई बैठक में इस बारे में जरूरी दिशा निर्देश दिए गए थे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 7 को

**कोरबा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के तत्वाधान में निःशुल्क रक्त शर्करा जांच, आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन 7 अप्रैल को पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में प्रातः 10 से 2 बजे तक आयोजित किया गया है। शिविर के विषय में लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल ने बताते हुए कहा कि इस शिविर में छत्तीसगढ़ प्रांत के ख्यातिलब्ध आयुर्वेद चिकित्सक, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव लायन डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे। डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा जिनके द्वारा शिविर में आये रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान करने के साथ साथ उनके लाइफस्टाइल तथा डाइट के विषय में विशेष जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जायेगा जो की विश्व स्वाथ्य दिवस का उद्देश्य भी है। साथ ही ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, की जांच निशुल्क करने के साथ साथ आवश्यकता एवं उपलब्धतानुसार दवाईयां भी निशुल्क प्रदान की जायेगी। लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल ने अंचलवासियों से विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# बिजली कंपनी में फर्जी भर्ती के नाम पर ठगी की कोशिश, कंपनी ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

ठगी करने वाले ठगराज इतने शातिर हो गए हैं कि अब सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन देकर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी में नौकरी लगाने के नाम पर पैसे की डिमांड की जा रही है। कंपनी के अधिकारियों को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने भोले भाले लोग इनके झांसे में ना आए इसके लिए अलर्ट जारी किया है और साफ चेतावनी जारी की है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी में विभिन्न पदों के लिए फर्जी भर्ती की सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देकर ठगी करने का प्रयास कतिपय लोगों द्वारा किया जा रहा है। इसकी जानकारी होने के बाद कंपनी प्रबंधन सावधान हो गया है और लोगों को आगाह किया है कि ऐसे फर्जी विज्ञापनों पर ध्यान न दें। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पीके कश्यप ने बताया कि कतिपय लोगों द्वारा फर्जी जानकारी देकर छात्रों को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। उत्पादन कंपनी ने इस तरह का कोई विज्ञापन जारी नहीं किया है और न ही इस तरह के पदनाम से कोई सीधी भर्ती होती है। ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ शासन और सीएसपीडीसीएल का अधिकृत लोगो (प्रतीक चिन्ह) का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और नियुक्ति पत्र देने के एवज में एक-एक हजार रूपए की मांग कर रहे हैं। श्री कश्यप ने सर्वसाधारण को आगाह किया है कि इस तरह के फर्जी व भ्रामक विज्ञापन के झांसे में न आएं। किसी के द्वारा इसे लेकर पैसे मांगे जाते हैं तो पुलिस में शिकायत करें। उत्पादन कंपनी में सभी भर्तियां विधिवत प्रक्रिया के तरह पूरी की जाती है, जिसमें समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी कर अधिकृत संस्था से परीक्षा लेकर की जाती है। श्री कश्यप ने बताया कि सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ बिजली विभाग भर्ती के नाम से फर्जी जानकारी साझा की जा रही है यह पूरी तरह भ्रामक है।

### नियुक्ति पत्र देने के एवज में 1 हजार रुपए की मांग

**खास बातें**
- सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन जारी कर ठगी को दे रहे अंजाम
- कंपनी के लोगो का कर रहे गलत इस्तेमाल




## ट्रांसमिशन कंपनी के छुरी स्थित 220 केवी सब स्टेशन का कंडक्टर टूटकर गिरा नीचे

# ट्रांसमिशन लाइन में आया फाल्ट, जर्क से डीएसपीएम संयंत्र में विद्युत उत्पादन ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ट्रांसमिशन कंपनी के छुरी स्थित 220 केवी के सब स्टेशन में लगे बस में अचानक तकनीकी खराबी आने की वजह से कंडक्टर टूटकर नीचे गिर गया। डीएसपीएम संयंत्र की इकाइयों में जर्क आने की वजह से संयंत्र की 250 मेगावाट क्षमता वाली दोनों इकाइयां ट्रिप होकर बंद हो गई। दोनों इकाइयों के बंद होने से संयंत्र में विद्युत उत्पादन शून्य पड़ गया। वहीं जर्क की वजह से ट्रांसमिशन कंपनी की 220 केवी लाईन में असर पड़ा और जर्क लगने से 132 केवी लाइन भी बंद हो गई। जिससे जिले सहित अन्य सीमावर्ती जिलों में विद्युत आपूर्ति ठप पड़ गया। लगभग 2 से ढाई घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। मरम्मत के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सकी। छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 500 मेगावाट क्षमता वाले डीएसपीएम संयंत्र में शुक्रवार की दोपहर करबी 2.45 बजे अचानक तेज आवाज हुई और संयंत्र की दोनों इकाइयों से विद्युत उत्पादन ठप पड़ गया। डीएसपीएम संयंत्र से 220 केवी लाइन निकली है, जिससे छुरी स्थित सब स्टेशन में बिजली आपूर्ति होती है और वहां से 132 केवी में परिवर्तित कर अन्य स्थानों पर सप्लाई किया जाता है। शुक्रवार की दोपहर छुरी स्थित 220 केवी सब स्टेशन के बस में लगा कंडक्टर अचानक टूटकर नीचे गिर गया। बस में आई तकनीकी खराबी का असर डीएसपीएम संयंत्र में भी देखने को मिला। 220 केवी में आई तकनीकी खराबी से होने वाले संयंत्र में विद्युत उत्पादन शून्य होने से 220 केवी लाइन में जर्क आया और पूरी लाइन बंद हो गई। सूत्रों की मानें तो जिला सहित सीमावर्ती जिलों जांजगीर चांपा व बिलासपुर में भी विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। माता कर्मा जयंती का अवकाश होने की वजह से संयंत्र में उपस्थिति कम थी, संयंत्र ट्रिप होने की जानकारी मिलते ही संयंत्र के कार्यपालक निदेशक डा. हेमंत सचदेव सहित अन्य आला अधिकारी तत्काल पहुंचे और संयंत्र के तकनीकी विशेषज्ञों की टीम इकाई में आई तकनीकी खराबी के मरम्मत कार्य में जुट गए। जिस वक्त संयंत्र में तकनीकी खराबी की वजह से विद्युत उत्पादन शून्य हुआ उस उक्त छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार भी कोरबा प्रवास पर थे। जानकारी मिलने पर एमडी श्री कटियार भी डीएसपीएम संयंत्र पहुंचे और इकाइयों का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। उधर ट्रांसमिशन कंपनी व विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी भी 220 केवी व 132 केवी लाइन के सुधार कार्य में जुटे गए। जिसके बाद एक एक कर शाम 5 बजे तक अलग अलग जगहों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई। वहीं मरम्मत के बाद डीएसपीएम संयंत्र के 250 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक 1 से विद्युत उत्पादन शुरु कर दिया गया है। संयंत्र के अधिकारियों ने बताया है कि 250 मेगावाट क्षमता वाले इकाई क्रमांक 2 में आई तकनीकी खराबी का मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है। लाइटअप के बाद इस इकाई से भी दोबारा विद्युत उत्पादन शुरु कर दिया गया है।

**खास बात**
- 220 केवी और 132 केवी लाइन जर्क की वजह से हुई बंद, शहर सहित सीमावर्ती जिलों में विद्युत आपूर्ति रही बाधित


डीएसपीएम संयंत्र। (फाइल फोटो)

### मरम्मत के बाद विद्युत उत्पादन शुरु

ट्रांसमिशन कंपनी के 220 केवी सब स्टेशन में लगा जंफर टूटकर नीचे गिर गया जिसकी वजह से अंडर वोल्टेज हो गया और संयंत्र की दोनों इकाई ट्रिप होकर बंद हो गई। जिसकी वजह से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ गई। मरम्मत के बाद दोनों इकाइयों से विद्युत उत्पादन शुरु कर दिया गया है।

**हेमंत सचदेवा,** कार्यपालन निदेशक, डीएसपीएम

# वायशेप अंडर ब्रिज निर्माण के लिए राजस्व विभाग ने नापी जमीन


सर्वे करते राजस्व विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुनालिया रेलवे क्रासिंग में वायशेप अंडर ब्रिज निर्माण के लिए सर्वे की प्रारंभिक प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। राजस्व विभाग एवं सेतु निगम की की टीम ने रेलवे क्रासिंग स्थल पहुंचकर अंडर ब्रिज निर्माण के दायरे में आने वाले मकान एवं दुकानों का सर्वे कार्य किया। इस दौरान रेलवे और सिंचाई विभाग की टीम में बेजाकब्जा में होने के साथ निजी कास्तकारों के नाम रजिस्ट्री किए जाने का भी खुलासा हुआ।

लंबे समय से बहुप्रतिक्षित सुनालिया रेलवे क्रासिंग निर्माण के लिए डीएमएफ मद से राशि की स्वीकृति मिलने के बाद उसके निर्माण का रास्ता खुल गया है। कलेक्टर अजीत वसंत ने अंडर ब्रिज निर्माण के संबंध में रूचि दिखाते हुए डीएमएफ से राशि जारी कर अंडर ब्रिज निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व एवं सेतु निगम की टीम ने शुक्रवार को सुबह 11 बजे रेलवे क्रासिंग स्थल पहुंचकर ब्रिज निर्माण के दायरे में आने वाले आवासों एवं दुकनों का सर्वे शुरू किया। इस दौरान यह जानकारी सामने आई कि सिंचाई विभाग की जमीन में जिस तरह लोगों ने कब्जा कर मकान और दुकान बना लिए हैं इसी तरह रेलवे की जमीन में भी आवास और दुकान बन चुके हैं। राजस्व विभाग की टीम ने ब्रिज निर्माण स्थल से लेकर सुनालिया होटल तथा रेलवे स्टेशन रोड एवं कोरबा बस स्टैंड रोड तीन ओर नपाई की। इस दौरान 80 से 100 मकान और दुकान ब्रिज निर्माण के दायरे में आएंगे। राजस्व अमले की जांच में अब तक यही प्रारंभिक जानकारी सामने आई है। हालांकि ब्रिज निर्माण के दायरे में आने वाले मकानों के भूस्वामियों ने जमीन को निजी बताते हुए दावा किया है। पूरे मामले के निपटारे के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### ऐसे बनेगा ब्रिज

अंडर ब्रिज निर्माण रेलवे क्रासिंह से सीधे रेलवे स्टेशन की ओर एक सड़क निकलेगी, ब्रिज का दूसरा छोर लक्ष्मणबन तालाब की ओर रहेगा और तीसरा मार्ग सुनालिया होटल की ओर रहेगा। नाप के दौरान यही स्थिति अभी सामने आई है। जिन लोगों के पक्के मकान बने हैं और जिनके द्वारा अपनी निजी जमीन होने का दावा किया जा रहा है उन्हें राजस्व विभाग में अपने दस्तावेज लेकर पहुंचने को कहा गया है। बताया जाता है कि सिंचाई और रेलवे विभाग की जमीन रजिस्ट्री कर दी गई है।

### किया गया सर्वे का कार्य

सुनालिया रेलवे क्रासिंग में अंडर ब्रिज निर्माण के लिए आज सर्वे का कार्य किया गया है, आगे की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

**- अजीत बसंत,** कलेक्टर

### 125 मीटर का क्षेत्र होगा प्रभावित

सुनालिया रेलवे क्रासिंग के तीन ओर के 125 मीटर का क्षेत्र ब्रिज निर्माण के दायरे में आएगा। जिसके लिए शुक्रवार को जमीन की नाप की गई। जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि सुनालिया होटल से लेकर शनि मंदिर तक की जमीन सिंचाई विभाग के द्वारा पूर्व में ही अर्जित की जा चुकी है। सिंचाई विभाग ने उक्त जमीन को अपना बताया है। नहर के किनारे रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क भी सिंचाई विभाग की जमीन में ही बनी है। नहर से लगभग 30 से 35 मीटर तक का क्षेत्र सिंचाई विभाग का बताया जा रहा है। ब्रिज निर्माण के लिए मकान और दुकान हटाने की कार्यवाही आगे की जाएगी। इसके लिए जमीन का चिन्हांकन किया जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने किया बलवा ड्रिल का रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


मार्कड्रील करते पुलिस कर्मी।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का रिहर्सल किया जहां लगभग 180 पुलिस के अधिकारी कर्मचारी साजो सामान के साथ रिहर्सल में उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में परेड ग्राउंड रक्षित केंद्र में लोकसभा चुनाव और क़ानून व्यवस्था को देखते हुए बलवा ड्रिल परेड का रिहर्सल कराया गया। जिसमें लगभग 180 पुलिसकर्मी बलवा ड्रिल में शामिल हुए। इसमें अश्रु गैस, वज्र वाहन, केन पार्टी, लाठी पार्टी, आर्म्स पार्टी, बलवा पार्टी, वरुण (वाटर कैनन दस्ता), एंबुलेंस पार्टी सम्मिलित हुए। अभ्यास में पुलिस की एक पार्टी दंगाई और दूसरी पार्टी बलवा ड्रिल की किट पहनकर इन्हें रोक रही थी। जैसे ही दंगाई बने पुलिसकर्मियों ने पथराव और उपद्रव शुरू किया तो पुलिसकर्मियों ने पहले बैरीकेड से इन्हें रोका। जब अनियंत्रित हो गए तो अश्रु गैस के गोले छोड़े।

⏭ शेष पेज 3 पर

# भेल के एचआर के घर में चोरों ने बोला धावा, लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भेल कंपनी में एचआर के पद पर पदस्थ एक युवक अपने परिवार के साथ सतरेंगा घूमने गया हुआ था। इस बीच सूनेपन का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर 60 हजार रुपए नगदी व सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु कर दी है। दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी आवास क्रमांक सी/ 583 यमुना विहार निवासी कुणाल चक्रवर्ती बीएचएल में एचआर का काम करता है। 4 अप्रैल की दोपहर 12 बजे वह अपने परिवार के साथ सतरेंगा घूमने गये थे। वापस लगभग 5.30 बजे शाम को लौटकर आये तो घर के सामने गेट का ताला खोलकर देखे तो दोनों बेडरूम के अलमारी में रखे सामान बिखरा था। चोरी होने की अंदेशा पर पीछे आंगन में गये तो पीछे के आंगन एवं कमरे का दरवाजा का कुंडी टूटा था। किसी अज्ञात चोर ने घर के पीछे दरवाजा को तोड़कर अंदर प्रवेश कर बेडरूम नंबर एक में रखे नगदी रकम लगभग 60 हजार रुपए तथा बेडरूम नंबर 2 के अलमारी में रखे सोने का 2 नग चुड़ी एवं 1 जोड़ी कान का बाली, नाक की फुली की चोरी कर ली गई है। मकान मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

# सांसद ने डीएमएफ की बैठक में आवाज क्यों नहीं उठाई : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन, भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी एवं उपस्थित कार्यकर्ता।

कोरबा विधानसभा के एक-एक कार्यकर्ता ने जिस तरह विधानसभा में जीतोड़ मेहनत कर कांग्रेस के भ्रष्ट नेताओं को सबक सिखाया उसी तरह इस बार लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस की लापता और भ्रष्ट सांसद को बताने का समय आ गया है कि कोरबा की जनता अब भ्रष्टाचारियों को उखाड़ फेकेगी।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय ने सीएसईबी सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित कोरबा विधानसभा कार्यकर्त्ता स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। कांग्रेस के नेता हर चुनाव में जनता के बीच सिर्फ झूठ लेकर जाते हैं। पिछली बार इसी झूठ से चुनाव जीत गए थे, जीतने के बाद घोटाला करने के लिए नए नए तरीके लाते हैं। बीते पांच साल में कोरबा के लोगों ने खुद देखा है की किस तरह भ्रष्टाचार किया गया था।

अगर सांसद घोटाले में नहीं थी तो डीएमएफ की बैठक में क्यों आवाज नहीं उठाई, बैठक से चले जाना था। सिर्फ बंगले और सरकारी बैठक में शामिल होने ही आती है, जनता से दूरी बनाकर पांच साल से लापता रही। जनता को अपने सांसद को खोजकर लाना पड़ता है। पिछले पांच साल में अपने मद का फंड कहा खर्च किया। विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि आप जैसे ऊर्जावान

⏭ शेष पेज 3 पर

### एक महीने के भीतर पूरी होगी पट्टे की समस्या

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि कांग्रेस की सांसद सिर्फ बंगले और सरकारी बैठक में शामिल होने ही आती है, जनता से दूरी बनाकर पांच साल से लापता रही। जनता को अपने सांसद को खोजकर लाना पड़ता है। पिछले पांच साल में अपने मद का फंड कहा खर्च किया। धांधली कर मेयर का चुनाव जीता, कांग्रेस के सांसद ने कुछ काम नहीं किया। इतिहास में पहली बार हुआ जब कोरबा की कलेक्टर आज जेल में है, पूरे कलेक्ट्रेट को सील कर दिया गया। कोरबा में सबसे बड़ी समस्या सड़क की है। यहां पट्टे की बहुत बड़ी समस्या है। हमारी सरकार बनने के बाद एक महीने के भीतर पट्टे की समस्या खत्म होगी।



# वरुण चौथी बार पिता डेविड धवन की फिल्म में दिखेंगे

**मुंबई।** वरुण धवन को पिछली बार फिल्म 'बवाल' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। फिलहाल वरुण के हाथ में कई फिल्में हैं और अब एक और फिल्म उनके खाते से जुड़ गई है। अभिनेता ने एक बार फिर अपने पिता और मशहूर निर्देशक डेविड धवन से हाथ मिला लिया है और अब दोनों मिलकर फिर अपनी फिल्म से दर्शकों को लोट-पोट करने की पूरी तैयारी में हैं। डेविड और वरुण ने टिप्स फिल्मस से हाथ मिलाया है। रमेश तौरानी फिल्म के निर्माता हैं। भले ही फिल्म के शीर्षक से अभी पर्दा नहीं उठा हो, लेकिन इसकी रिलीज तारीख सामने आ चुकी है। यह फिल्म 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



लाइफ Style

# भूमि पेडनेकर
## मर्डर की गुत्थी सुलझाएंगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी आने वाली वेबसीरीज दलदल में पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर ने कहा कि मुझे करियर के शुरुआती दौर से ही चुनौतियां पसंद रही हैं।खास बात यह है कि शुरू से ऐसी भूमिकाएं मिलीं, जिन्होंने मुझे मेरी सीमाओं से आगे जाकर काम करने की हिम्मत दी।

वेबसीरीज दलदल में मेरा किरदार बहुत चुनौतीपूर्ण है और मेरे लिए यह नया जॉनर भी है। इसमें एक्शन का काफी मौका मिला है। मेरे रोल रीटा फरेरा में कई परतें हैं। वह बाहरी और अंदरूनी विचारों के मतभेदों के बीच फंसी है। मैं इसे पूरे आत्मविश्वास के साथ निभाने के लिए उत्सुक हूं। मेरे पास पहले भी कई कहानियां आई हैं, जहां महिलाएं यूनिफार्म में थीं, लेकिन यह बहुत प्रभावशाली है। मैंने पहले इस तरह के रोल के बारे में न पढ़ा है, न देखा है। कहानी शुरू ही यहीं से होती है कि मेरा पात्र मुंबई की डीसीपी के तौर पर अपना काम शुरू करती है और वह कई मर्डर केस और अन्य क्राइम को सुलझाती है। वेब सीरीज दलदल अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। भूमि की अब तक की फिल्मी जर्नी की बात की जाए तो बड़े पर्दे से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भूमि ने बड़ी ही बखूबी से अपनी दमदार एक्टिंग से दोनों ही प्लेटफॉर्म्स पर अपनी जगह बनाई है लेकिन अब एक्ट्रेस हॉलीवुड में भी अपना सिक्का आजमाना चाहती है। एक्ट्रेस ने अपनी इस इच्छा का बारे में हाल ही में अपने एक मीडिया इंटरव्यू में बात की। एक इंटरव्यू में भूमि ने कहा है कि हॉलीवुड में अब सांवली लड़कियों का करियर आसमान छू रहा है।

हॉलीवुड मसाला



# बारबरा रश का निधन

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस बारबरा रश नहीं रहीं. उन्होंने 97 साल की उम्र में अंतिम सांस लीं। बारबरा रश की बेटी और फॉक्स न्यूज चैनल की सीनियर कॉरेस्पोंडेंट क्लाउडिया कोवान ने फॉक्स न्यूज डिजिटल को अपनी मां की मृत्यु की पुष्टि की। बारबरा रश को 'इट केम फ्रॉम आउटर स्पेस' जैसी प्रतिष्ठित फिल्मों में अपनी भूमिका के लिए जाना जाता है। इसके साथ ही उन्हें 'पीटन प्लेस' और 'ऑल माई चिल्ड्रन' जैसी टेलीविजन सीरीज में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।



# जस्टिन और हैली बीबर ने साथ मनाया ईस्टर

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड सिंगर जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली बाल्डविन बीबर ने ईस्टर को काफी खास अंदाज में मनाया। हाल ही में हैली ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने ईस्टर सेलिब्रेशन की एक प्यारी सी झलक दिखाई। दरअसल, पिछले काफी लंबे समय से दोनों के अलग होनी की खबरें हर तरफ छाई हुई थी। ऐसे में हैली द्वारा शेयर की गई इस ईस्टर सेलिब्रेशन की फोटो ने इन सभी अफवाहों पर फुल स्टॉप लगा दिया है। बता दें, दोनों ने साल 2018 में एक दूसरे से शादी की थी. इससे पहले दोनों ने एक दूसरे लंबे समय तक डेट किया था। हालांकि, इससे पहले भी हैली ने जस्टिन के 30वें बर्थडे पर कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर की थी, जिसके बाद इस सभी अफवाहों पर ब्रेक लग गया था।



# 'लव एंड वॉर' में बनेंगी जैज सिंगर...

**मुंबई।** निर्देशक संजय लीला भंसाली इन दिनों जहां अपने करियर की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, वहीं उनकी फिल्म 'लव एंड वॉर' भी चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म के जरिए पहली बार रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की तिकड़ी दर्शकों के बीच आ रही है। ये फिल्म 1964 में आई राज कपूर की फिल्म 'संगम' से प्रेरित होगी, जो क्रिसमस, 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब इससे जुड़ीं नई जानकारियां सामने आई हैं, वहीं आलिया के किरदार से भी पर्दा हट चुका है। वह इस फिल्म में जैज गायिका बनी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसा फिल्म का नाम है 'लव एंड वॉर', इससे ये तो जाहिर है कि फिल्म की कहानी प्यार, वफादारी, बलिदान और रिश्ते के फैसलों के आस-पास घूमने वाली है।



# फिल्म 'रुस्लान' 26 को देगी दस्तक...

**मुंबई।** सलमान खान के बहनोई और बॉलीवुड अभिनेता आयुष शर्मा पिछले लंबे समय से अपनी आने वाली फिल्म 'रुस्लान' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें आयुष की जोड़ी सुश्री मिश्रा के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। इस फिल्म के जरिए सुश्री अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। अब आयुष ने 'रुस्लान' का नया पोस्टर साझा किया है। इसके साथ उन्होंने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। 'रुस्लान' का ट्रेलर आज 5 अप्रैल को जारी किया जाएगा। आयुष ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'अब होगा असली हंगामा 'रुस्लान' और गैंग तैयार है। ट्रेलर कल रिलीज होगा।' करण ललित बुटानी ने 'रुस्लान' का निर्देशन किया है तो वहीं राधामोहन फिल्म के निर्माता हैं। यह फिल्म 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

# 'नो एंट्री 2' में हुई श्रद्धा, कृति और मानुषी की एंट्री, कॉमेडी का तड़का लगाएंगी अभिनेत्रियां







**मुंबई।** बोनी कपूर पिछले काफी समय से सुर्खियां बटोर रहे हैं। जब से बोनी ने अपनी फिल्म 'नो एंट्री' के सीक्वल का ऐलान किया है, उनका नाम मीडिया खबरों में बना हुआ है। फिल्म में नजर आने वाले अभिनेताओं के नाम पर निर्माता पहले ही मुहर लगा चुके हैं। हालांकि, फिल्म की अभिनेत्रियों को लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई थी। अब एक रिपोर्ट में इसमें नजर आने वाली अभिनेत्रियों के नाम का भी खुलासा हो गया है। बोनी ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि 'नो एंट्री 2' में मुख्य भूमिका में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'नो एंट्री 2' में काम करने वाली अभिनेत्रियों का चयन भी हो गया है। कथित तौर पर फिल्म से मानुषी छिल्लर, श्रद्धा कपूर और कृति सैनन के जुड़ने की खबर है। दावा किया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में कॉमेडी का तड़का लगाती नजर आएंगी। सूत्रों ने बताया है कि मानुषी, कृति और श्रद्धा फिल्म में अर्जुन, वरुण और दिलजीत के साथ स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी। बता दें, मानुषी ना केवल कृति और श्रद्धा के साथ पहली बार साथ काम करती दिखाई देंगी, बल्कि वह तीनों अभिनेताओं के साथ भी पहली बार स्कीन साझा करेंगी। यह भी बताया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगी, जो कहानी को और ज्यादा मजेदार बनाने का काम करेगा। बोनी ने अर्जुन, वरुण और दिलजीत ने नाम पर मुहर लगाते हुए कहा था, जो भी नाम बताए गए हैं वे सही हैं। फिल्म में वही अभिनेता मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। आइए आशा करते हैं कि चीजें अच्छी तरह से काम करेंगी और यह 'नो एंट्री' की तरह ही दिलचस्प और मजेदार बेनगी। इसकी स्क्रिप्ट बिल्कुल शानदार है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि यह स्क्रिप्ट पहली वाली की तुलना में और ज्यादा मजेदार है।

### *इसी साल शुरू होगा फिल्म पर काम*

*'नो एंट्री 2' साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म 'नो एंट्री' का सीक्वल है, जिसमें सलमान खान, फरदीन खान और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में थे। 'नो एंट्री' को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया था और यह बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। फिल्म का निर्देशन अनीज बज्मी ने किया था और 'नो एंट्री 2' की कमान भी वही संभालेंगे। 'नो एंट्री 2' पर काम इसी साल दिसंबर से शुरू हो जाएगा। अगले साल यह सिनेमाघरों में दस्तक देगी।*

# 'बड़े मियां छोटे मियां' के इन सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची



**मुंबई।** अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियां' अगले हफ्ते ईद पर रिलीज हो रही है। ऐसे में सेंसर बोर्ड से भी इसे कुछ सुझावों के साथ हरी झंडी मिल गई है वहीं कुछ सीन्स पर सेंसर बोर्ड ने कैंची भी चलाई है। बता दें कि 6 महीने के बाद एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार लौट रहे हैं। इस बार वह टाइगर श्रॉफ को लेकर 'बड़े मियां छोटे मियां' लेकर आ रहे हैं जो कि अगले हफ्ते 10 अप्रैल को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी। फिलहाल 'बड़े मियां छोटे मियां' को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। सर्टिफिकेशन के दौरान अक्षय की फिल्म में कुछ बदलाव के सुझाव भी दिए गए थे। 'बड़े मियां छोटे मियां' की रनटाइम की बात करें तो ये 2 घंटे 44 मिनट (164 मिनट) लंबी है। मंगलवार को 'बड़े मियां छोटे मियां' को लेकर सेंसर बोर्ड ने भी अपने सुझाव दिए।

# रणबीर की 'रामायण' के लिए बना 11 करोड़ का अयोध्या का सेट



**मुंबई।** बॉलीवुड के फेमस डायरेक्टर नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म रामायण को लेकर इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। हाल ही में खबर आई थी कि फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हो चुकी है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के लिए मुंबई में अयोध्या का भव्य सेट तैयार किया गया है, जिसकी लागत 11 करोड़ रुपए बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि इस सेट पर फिल्म की लीड स्टारकास्ट यानी रणबीर कपूर और साई पल्लवी शूटिंग करेंगे। वहीं, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रणबीर के अप्रैल के बीच में शूटिंग में शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि, इससे पहले उन्हें भगवान राम के किरदार के लिए अपना लुक पाने 3डी स्कैन से गुजरना होगा। कहा जा रहा है कि रणबीर तीरंदाजी की ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। 'रामायण' एक नहीं, बल्कि तीन भागों में रिलीज होगी। पहला भाग भगवान राम की युवावस्था और सीता के साथ विवाह पर केंद्रित है और यह सीता के अपहरण के साथ समाप्त होगा। 'रामायण' में रावण के किरदार के लिए यश का नाम तय हुआ है। विभीषण की भूमिका के लिए विजय सेतुपति से संपर्क किया गया है।

# सुनील ग्रोवर ने इस तरह मनाया कपिल शर्मा का बर्थडे

**मुंबई।** कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा ने मंगलवार, 2 अप्रैल को अपना जन्मदिन परिवार, दोस्तों और अपने हाल ही में रिलीज हुए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के कलाकारों के साथ मनाया। पार्टी में उनके दोस्त एक्टर सुनील ग्रोवर भी उनके लिए 'हैप्पी बर्थडे' गाना गाते नजर आए। झगड़े के बाद कपिल और सुनील सात साल बाद फिर से एक साथ आए हैं और नेटफ्लिक्स शो के लिए उनकी एक साथ वापसी ने काफी चर्चा पैदा कर दी है।



सिंगर-एक्टर गुरु रंधावा ने कपिल शर्मा के बर्थडे के मिडनाइट सेलिब्रेशन का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि कपिल शर्मा नेटफ्लिक्स-थीम वाला केक काट रहे हैं। वह केक का पहला बाइट अपनी पत्नी गिन्नी चतरथ को खिलाते हैं। जब गुरु रंधावा यह वीडियो बना रहे होते हैं, तो सुनील ग्रोवर उनके साथ खड़े हुए नजर आते हैं और कपिल के 'हैप्पी बर्थडे' सॉन्ग गाते हैं।

## अप्रैल और मई के महीने में आने वाली हैं कई बढ़िया फिल्में

# द साबरमती रिपोर्ट से लेकर अमर सिंह चमकीला तक के ट्रेलर हुए रिलीज

मुंबई। इन दिनों बॉलीवुड की तमाम फिल्में सिनामाघरों में धमाल मचा रही है। एक के बाद एक फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही हैं। इस हफ्ते बॉलीवुड की कई बड़ी और चर्चित फिल्मों के ट्रेलर रिलीज हुए हैं। इन फिल्मों का इंतजार फैंस कई महीनों और सालों से कर रहे हैं। बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा तक में अप्रैल और मई के महीने में कई बढ़यिा फिल्में आने वाली हैं। अक्षय-टाइगर की फिल्म 'बड़े मिया छोटे मियां' से लेकर दिलजीत-परिणीति की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' इन फिल्मों के टीजर और ट्रेलर इस हफ्ते रिलीज किए गए।




### *द साबरमती रिपोर्ट*

*फिल्म 12वीं फेल से धमाल मचाने वाले एक्टर विक्रांत मैसी अब एक नया और सनसनीखेज प्रोजेक्ट द साबरमती रिपोर्ट लेकर आ रहे हैं। बता दें कि, बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड, विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन में बनी 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी के साथ राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। इस फिल्म को रंजन चंदेल ने डायरेक्ट किया है। शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन इस फिल्म के निर्मिता हैं। ये फिल्म 3 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।*

### बड़े मियां छोटे मियां

फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर इस हफ्ते रिलीज हुआ। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ साथ टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म को अली अब्बास ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म इस ईद के मौके पर 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का बजट 350 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। वहीं फिल्म में विलेन के किरदार में साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन हैं।





### *अमर सिंह चमकीला*

*इम्तियाज अली की अकमिंग फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' का इसी हफ्ते धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया। बता दें कि, फिल्म 12 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ये फिल्म पंजाब के ओरिजनल रॉकस्टार अमर सिंह चमकिला की स्टोरी पर बेस्ड है, जिन्हें अक्सर 'पंजाब का एल्विस प्रेस्ली' कहा जाता था। यह दर्शकों को पंजाब के लोक संगीत की झलक भी देता है जहां कभी चमकीला की आवाज गरजती थी। फिल्म में परिणीति चोपड़ा चमकीला की पत्नी और सिंगिंग पार्टनर अमरजोत का किरदार निभाती नजर आएंगी।*

### फैमिली स्टार

स्टार विजय देवरकोंडा भी अपनी फिल्म 'फैमिली स्टार' के साथ आने वाले हैं। उनकी इस फिल्म का ट्रेलर इस हफ्ते रिलीज हुआ। ट्रेलर में कई तरह की भावनाओं को दिखाया गया है, जो एक फुल फैमिली एंटरटेनर फिल्म का डोज देता है। उनके साथ मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। फिल्म में रोमांस, ड्रामा, एक्शन और कॉमेडी का भी डोज है। 'फैमिली स्टार', आज5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## खबर संक्षेप



### एसडीएम के निरीक्षण में अनुपस्थित रहे कर्मचारी, नोटिस जारी

**राजपुर।** कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियों, घटगांव और उप स्वास्थ्य केन्द्र अलखडीहा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तीनो स्वास्थ्य केन्द्रों के पूरे परिसर का भ्रमण कर परिसर की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों के उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के अगली कड़ी में एसडीएम श्री कुजूर पहाड़ी कोरवा आश्रम पहाड़खड़ूवा एवं घटगांव पहुंचे। उन्होंने दोनो आश्रमों में साफ-सफाई, पानी व्यवस्था, बिजली, शौचालय, बच्चों के शयन कक्ष, रसोई घर, सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास अधीक्षक से बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुरूप भोजन देने, परिसर की साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। तत्पश्चात उन्होंने एसडीएम ने पहाड़खड़ूवा के राशन दुकान का भी औचक निरीक्षण कर उपलब्ध खाद्यान का भौतिक सत्यापन भी किया।

### तीन महीने पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**बिश्रामपुर।** तीन महीने पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि एसईसीएल आवासीय डिपार्टमेंटल कालोनी निवासी 55 वर्षीय अदमूंद एक्का पिता प्रसू दास एक्का पिछले दिनों 14 जनवरी 2024 को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे, जिन्हें बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है।

### ब्रेकर से उछल कर सड़क पर गिरे बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम चैनपुर निवासी अनूप आ. स्व. लुरका (19 वर्ष) गत दिन जीजा बबलू के साथ बाइक से ग्राम कुरजा की ओर जा रहा था। बाइक सवार ग्राम कुरजा के समीप पहुंचे तथा सड़क के ब्रेकर से उछल गए। दुर्घटना में सड़क पर गिरने से अनूप गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## निधन

### श्रीमती आशा शुक्ला



**कोरबा।** प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष गेंदलाल शुक्ल की धर्मपत्नी व अधिवक्ता नवनीत राहुल शुक्ल की माता श्रीमती आशा देवी शुक्ल का निधन हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं और उनका उपचार अपोलो अस्पताल बिलासपुर में चल रहा था। मृदुभाषी श्रीमती आशा देवी शुक्ल सफल गृहणी होने के साथ साथ सामाजिक, धार्मिक कार्यों में भी अपनी सक्रिय भूमिका के कारण परिवार-समाज में उनका विशिष्ट पहचान रही। वे अपने पीछे पुत्र, पुत्री सहित भरा पूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गईं हैं। उनका अंतिम संस्कार मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अगर सांसद भ्रष्ट...

कार्यकताओं ने जनबल और धनबल की लड़ाई में घर घर जाकर जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक एक कार्यकर्ता जी तोड़ मेहनत कर मोदी सरकार की योजना को घर घर जाकर बताए और सरोज दीदी को जिताएं। तीन महीने में ही सीएम विष्णुदेव सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है। 50 हजार करोड़ की कई योजनाएं में वितरण किया गया है। मोदी की गारंटी आज पूरी हुई है। सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी हुंकार भरी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान बैकुंठपुर के विधायक भईयालाल राजवाड़े, कोरबा संगठन प्रभारी गोपाल साहू, सहसंयोजक मनोज शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, गोपाल मोदी, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, अशोक चावलानी, युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन सहित अधिक संख्या में वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनाव को...

फिर कैन, लाठी और राइफल पार्टी के माध्यम से ड्रिल पूर्ण किया गया। इस ड्रिल अभ्यास में सभी राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना, चौकी, पुसके के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। ड्रिल अभ्यास के माध्यम से पुलिस को बेहतर रूप से ऐसी परिस्थिति से निपटने के संबंध में बताया गया।

---

जल समस्या को लेकर ग्रामीणों ने दिया आंदोलन की चेतावनी

# अमगांव सहित अन्य प्रभावित ग्रामों में गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा दीपका के अमगांव पंचायत सहित प्रभावित ग्रामों में गर्मी आगमन होने से पहले ही ग्रामीणों को जल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रतिवर्ष शुद्ध पेयजल के लिए एसईसीएल और प्रशासन को संघर्ष करके ध्यानाकर्षित कराया जाता है लेकिन एसी में बैठे अधिकारी प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों की चिंता किसी को नहीं और ना ही उनके जीवन से कोई लेना-देना नहीं है। ग्रामीणों ने एसईसीएल और प्रशासन के अधिकारी को आंदोलन की चेतावनी दिया है।

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अमगांव ग्राम इकाई संयोजक अमृता यादव ने अपने प्रेस कहा है कि जल के बगैर जीवन अधूरा है प्रतिवर्ष जल के लिए ग्रामीणों को संघर्ष करना पड़ता है कोयला खदानों को गांव से सटकर खनन कार्य और हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है जिसके कारण खदान में गहराई होने से प्रभावित ग्रामों के जल स्त्रोत गर्मी आते ही खत्म हो जाती है। प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों को हर वर्ष जल के लिए संघर्ष करना पड़ता है इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल की समस्या के लिए एसईसीएल और प्रशासन गंभीर नहीं होंगे तो ग्रामीणों के द्वारा भीषण आंदोलन की चेतावनी दी हैं। किसान अपनी जमीन खोने के बाद भी दर-दर की ठोकरे खाने को छोड़ दिया जाता है इस कारण से कोयला खदान के उत्पादन व खनन कार्य में प्रभावित होता है इन सबका जिम्मेदार स्वयम एसईसीएल के जिम्मेदार अधिकारी होते हैं जिसके वजह से प्रशासन के अधिकारियों को हस्तक्षेप सलाह समझौता करने पर एसईसीएल बार-बार मजबूर करते हैं एसईसीएल प्रबंधन प्रशासन का समय बर्बाद करने में भी कोई कोतही नहीं करते अमगांव पंचायत के ग्रामीणों ने शुद्ध पेयजल व निस्तार के लिए कुछ दिनों पहले प्रबंधन के अधिकारियों के साथ बैठक कर पानी की अकाल समस्याओं से अवगत कराया था लेकिन इस पर प्रबंधन के अधिकारी पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए गंभीर नहीं दिख रहे हैं ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।



बैठक के दौरान उपस्थित प्रबधन के अधिकारी एवं ग्रामीण।

---

# लायंस रीजन कॉन्फ्रेंस में कैलाश बने उत्कृष्ट अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के रीजन चेयर पर्सन लायन पवन शर्मा रीजन डेजी का रीजन कॉन्फ्रेंस 31 मार्च को होटल ब्लू डायमंड में सम्पन्न हुआ। गैस्ट ऑफ ऑनर कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन उपस्थित रहे, कॉन्फ्रेंस में रीजन के अंतर्गत आने वाले सभी क्लबों के साथ लायंस क्लब बालको के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए । कार्यक्रम में लायंस क्लब बालको को विभिन्न अवॉर्ड जैसे गोल्डन प्रेसटीस अवॉर्ड, सर्टिफिकेट ऑफ अप्रीशीऐशन, हुमैनिटेरियन लैंडमार्क प्रोजेक्ट समर्पण ऐक्टिव क्लब एण्डेयोर अवॉर्ड व लायंस क्लब बालको को सत्र 2023-24 में किए गए सेवा कार्यो के लिए सर्वश्रेष्ठ क्लब के सम्मान से सम्मानित किया गया एक्सीलेन्ट प्रेसीडेंट का अवॉर्ड लायन कैलाश नाथ गुप्ता को प्रदान किया गया। माइलस्टोन मास्टर लायन परमानन्द अग्रवाल, एक्सीलेन्ट सेक्रेटरी लायन किशोर अग्रवाल, बेस्ट ट्रेजरार लायन रितेश केडिया, डाइनेमिक चेयरपर्सन लायन सुभाष चंद्र गिरधर, लायंस क्लब बालको रुरल डेवलपमेंट चेयरपर्सन लायन जीपी कैडिया, लाइफ टाइम अचिवएमेन्ट अवॉर्ड लायन वीपी केसरवानी, डायमंड लायन पीएल सोनी, लायन विपिन प्रसाद सिंह, लायन नीतू गुप्ता, लायन सपना केडिया, लायन आभा दुबे, लायन राजेश ठाकुर, लायन अविनाश कुमार सिन्हा, लायन डीके कुदेसिया, लायन ममता जैन, लायन अतुल शाह, लायन सोनल शाह, लायन राजेश त्रिपाठी लायन सुशील मिश्रा, लायन वीके सिंह, लायन जेके जैन, लायन लव कुमार साहू को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।



उत्कृष्ट लायन को पुरस्कृत करते अतिथि।

---

# दूसरे दिन फिर दंतैल घुसा ग्रामीण के घर में खपरैल पर चढ़कर परिवार ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दंतैल हाथी दूसरे दिन फिर से एक ग्रामीण के घर जा धमका और बाड़ी में लगे केले को चट कर गया। हाथी की धमक से परिवार सकते में आ गया और पूरा परिवार घर के खपरैल पर चढ़कर किसी तरह अपनी जान बचाई। जब वन अमले को इसकी सूचना मिली तो वन परिक्षेत्र अधिकारी अपने लव लश्कर के साथ पहुंचे और दंतैल को खदेड़कर खपरैल पर बैठे परिवार का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र के अतर्गत आने वाले ग्राम परला निवासी राजकुमार गोस्वामी का एक खपरैलनुमा मकान है। जिसमें गुरुवार की रात लगभग 9 बजे खाना खाने के बाद राजकुमार गोस्वामी व उसका परिवार सोने के लिए चले गए थे। लगभग 10 बजे दंतैल हाथी की चिंघाड़ की आवाज सुनाई दी। जिस पर राजकुमार और उसका परिवार बाड़ी की तरफ खिडक़ी से झांक कर देखा तो एक दंतैल हाथी बाड़ी में विचरण कर रहा था। इसके बाद राजकुमार, उसकी पत्नी और बच्ची किसी तरह अपनी जान बचाने सीढ़ी के ऊपर चढक़र खपरैलनुमा छत पर चढ़ गए। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई जिस पर केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दल बल सहित मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से दंतैल को खदेड़ने की कार्यवाही की गई। खदेड़े जाने पर दंतैल ने जंगल का रूख किया, जिस पर गोस्वामी के परिवार ने राहत की सांस ली। इससे पहले भी दंतैल हाथी बुधवार की आधी रात चंद्रिका प्रसाद साहू नामक ग्रामीण के घर में घुस गया था तब चंद्रिका व उसके परिवार के दो अन्य सदस्यों ने पटाव में चढक़र अपनी जान बचाई थी। बाद में वन विभाग द्वारा उन्हें सुरक्षित निकाला गया।



दंतैल के डर से छत पर बैठकर अपनी जान बचाते ग्रामीण।

### करंट की चपेट में आने से तीन मवेशियों की मौत

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर छठघाट तालाब के पास काली मंदिर दीवाल के पीछे तीन भैंसों की मौत करंट लगने से हो गई। बताया जाता है कि उक्त घटना विद्युत विभाग की लापरवाही से हुई है। विद्युत विभाग ने खंबे से अर्थिंग के लिए तार को एक पेड़ पर बांधकर उसे नीचे लटका दिया जिसमें करंट प्रभावित हो रहा था। जिसकी चपेट में आकर तीनों भैंसों की मौत हो गई। कुछ लोगों ने मौके पर जाकर चेक किया तो तार में करंट प्रभावित हो रहा था जिसकी सूचना तत्काल विद्युत विभाग को देकर करंट प्रवाहित तार को काटकर अलग किया गया। भैंस मालिक वीरन सिंह और हीरा सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही से तीनों भैंसों की मौत हुई है और हमारे पास रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। भैंस की कीमत एक से डेढ़ लाख रुपए की है उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग ने अर्थिंग तार को एक पेड़ से बांधकर नीचे झूला दिया जिसके करंट की चपेट में आकर तीनों भैंसों की मौत हो गई उन्होंने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

---

### मांड नदी में डूबने से सातवीं के छात्र की मौत

**सीतापुर।** भागवत कथा में शामिल होने गया बच्चा मंगरैलगढ़ स्थित मांड नदी में नहाने के दौरान डूब गया। घंटों तक पानी में डूबे बच्चे को लोगों की मदद से बाहर निकाला गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

मृतक अपने माता पिता की इकलौती संतान था और बच्चे की मौत के बाद परिजन का रो रोकर बुरा हाल है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है। बताया जा रहा है कि मंगरैलगढ़ मंदिर परिसर में सप्ताहिक भागवत कथा का आयोजन किया गया है। भागवत कथा में शामिल होने के कक्षा सातवीं का छात्र शिवम गुप्ता आ. अमित गुप्ता भी अपने माता पिता के साथ पंहुचा था। इस दौरान परिवार गुरुवार को कथा स्थल पर ही रुक गया था। शुक्रवार की सुबह 7 से 8 बजे के बीच शिवम बिना किसी को बताए मंगरेलगढ़ स्थित मांड नदी में नहाने चला गया। काफी देर तक जब बच्चा कही नजर नही आया तो परिजन को उसकी चिंता होने लगी। माता पिता व परिजन बच्चे की तलाश कर रहे थे इस दौरान उन्हें नदी किनारे बालक का कपड़ा पड़ा हुआ मिला। किसी अनहोनी की आशंका पर परिजन संग आये लोगो ने पानी के अंदर उसकी तलाश शुरू कर दी, काफी देर तक तलाशने के बाद बालक पानी के अंदर डूबा मिला। शिवम को तत्काल पानी से बाहर निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उपचार के दौरान बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पीएम उपरान्त बच्चे का शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

---

# जन सेवा मेरे परिवार का एकमात्र संकल्प



कार्यक्रम को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत एवं युवा नेता श्याम नारायण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- होली मिलन समारोह में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत

होली मिलन समारोह पर उपस्थित युवाओं को देखकर मुझे अपनी दिन याद आ गई। जब मैं 25 साल का था, तब से इस क्षेत्र की सेवा के लिए तत्पर रहा। मेरा पूरा परिवार जनता की सेवा के लिए संकल्पित रहा हैं, इस परंपरा का निर्वहन करने मैं आज फिर से आप लोग के बीच उपस्थित हुआ हूं। आप लोगों का प्यार स्नहे मुझे काम करने के लिए शक्ति प्रदान करती है और यही कारण है कि मंश हमेशा जनता की सेवा के लिए समर्पित रहता हूं।

उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने एक निजी होटल में आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व लोकसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्याम नारायण सोनी के नेतृत्व में हजारों की संख्या में युवाओं ने अपनी भागीदारी दी। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने उपस्थित युवाओं के साथ फूलों से होली खेली। साथ ही समारोह के लिए श्यामनारायण सोनी एवं उनके साथियों को बधाई दी। श्री महंत ने कहा कि मेरे बाबूजी के बताएं रास्ते पर चलकर क्षेत्र का विकास और एक आदर्श समाज स्थापित करने के लिए हमेशा प्रयत्न करते रहा हूं। इस अवसर पर नगर पालिका निगम के सभापति श्याम सुंदर सोनी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री हरीश परसाई, प्रदेश कांग्रेस सचिव बी.एन.सिंह, पार्षद पालू राम साहू , पार्षद मुकेश राठौर, पार्षद प्रदीप राय, पार्षद बद्री किरण, पार्षद देवी दयाल सोनी, जनपद सदस्य बलराम साहू, ने भी अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के दौरान एफडी मानिकपुरी, गुड्डू थाईवात, विकास शुक्ला, अखिलेश त्रिपाठी, अभय तिवारी, दीपक कुमार वर्मा, नितिन चौरसिया, रवि सोनी, विनोद तिवारी, विपिन चौरसिया, सज्जाद आलम,सीमा उपाध्याय, आबिद अख्तर, मनमोहन राठौर, दिवाकर राजपूत, प्रियांशु सिंह,प्रहलाद यादव, आनंद पालीवाल, दीपक दास महंत, पंकज सोनी, अंकित तिवारी, रमेश दास महंत, नौशाद खान, अमीन अंसारी, काशी कुजूर, अमित शर्मा, सुनील अग्रवाल, राहुल राव, संजय पटेल, विकास केसरवानी, सागर ठोके, विजय यादव, प्रमोद मानिकपुरी, भुनेश्वर दुबे, जितेंद्र साहू, नफीस मेमन,हीरा साहू, नफीस मेमन दिलीप राव, शिवा केसरवानी, कमल चंद्र, अंजनी साहू, शिवनारायण ठाकुर, अविनाश केसरवानी, अनिल सिंह राजपूत, शिवनंदन कुजूर, विनोद उराव, नील ग्रेडियंट, ताहिर खान, शेखर यादव, गोलू राठिया आदि कार्यकर्ता युवा वर्ग उपस्थित थे।

---

# आवागमन की सुविधा के लिए बाजार में की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा क्षेत्र में दो दिन पूर्व साप्ताहिक बाजार में हुई कार्यवाही आवागमन को सुविधा के लिए की गई थी। साप्ताहिक बाजार में सब्जी व्यवसायियों के लिए शेड का निर्माण नगर पालिका परिषद के द्वारा किया गया था ताकि व्यवस्थित ढंग से व्यवसायी अपना व्यवसाय कर सके, किंतु उक्त व्यवसायी खाली पड़ी जमीन में अपनी दुकान लगा रहे थे, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था।

**खास बातें**

- किसी सब्जी व्यवसायी को नहीं किया गया व्यवसाय से वंचित
- पसरे में नहीं लगा रहे थे सब्जी व्यवसायी अपनी दुकान

कार्यवाही को लेकर नगर पालिका परिषद के सीएमओ ज्ञानपूज्य कुलमित्र ने बताया कि कार्यवाही के दौरान किसी भी सब्जी व्यवसायी को प्रताड़ित नहीं किया गया है और ना ही उनका व्यवसाय बाधित किया गया। साप्ताहिक बाजार में नगर पालिका के द्वारा पसरे व शेड का निर्माण किया गया है। जिसमें व्यवसायी न बैठकर आसपास पड़ी खाली जमीनों में अपना दुकान लगा रहे थे। आवागमन बाधित हो रहा था। कई बार इसके संबंध में प्रशासन तक इसकी शिकायत भी पहुंची। उक्त शिकायत को लेकर सब्जी व्यवसायियों को समझाइश भी दी गई। जिस पर कुछ सब्जी व्यवसायियों पर नगर पालिका परिषद के समझाइश का असर हुआ। लेकिन तीन व्यवसायियों ने अपना पसरा मार्ग से हटा लिया, लेकिन विक्की मिरी नामक सब्जी व्यवसायी को कई बार पसरा हटाने की समझाइश दी गई, लेकिन उसके द्वारा पसरा नहीं हटाने पर मार्ग में रखे होने के कारण नियमानुसार सब्जी जब्ती करने की कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही किसी भी सब्जी व्यवसायी को प्रताड़ित करने व उन्हें सब्जी बेचने से वंचित नहीं की गई है, बल्कि मोहल्लेवासियों एवं आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए की गई है। दैनिक बाजार में पर्याप्त संख्या में शेड एवं खाली स्थान है, जहां सब्जी व्यवसायियों की तरह अन्य व्यवसायी भी बिना किसी बाधा के सब्जी व्यवसाय कर सकते हैं।



---

# सेंटपॉल स्कूल में विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में पुरस्कार का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य अनिल टंडन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ कला के प्रतिभा को दिखाने का सुनहरा अवसर मिलता है। जनपद सदस्य ने बताया बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है और आने वाले समय में कोई भी बच्चा स्कूल जाने से ना छूट पाए और बच्चों को शासन की तरफ से चलाए जा रहे कंपटीशन एग्जाम में परीक्षा दिलाने के लिए सेंट पॉल कान्वेंट स्कूल में विशेष रूप से तैयारी कराया जाता है। साथी ही बच्चों के कार्यक्रम देखकर उनके शिक्षा के सराहना किया साथ ही मुख्य मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। अंग्रेजी में बच्चों का प्रदर्शन काफी शानदार था। सामाजिक एकता, सोसल मीडिया, एसिड अटैक जैसे मुद्दों पर भी बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। आशीष मरार, भुपेशवरी , स्तुति, सिद्धार्थ, शिक्षा पटेल एवं अन्य बच्चों को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री नरेश टंडन, सरपंच पति युवराज सिंह कंवर, विशिष्ट अतिथि नोडल अधिकारी जीएस कंवर, दिलहरण भार्गव, मनहरण भास्कर, राज ओग्रे, शत्रुघ्न ओग्रे, अनुज जांगड़े, बसंत चौहान, संस्था प्रमुख हेमंत भास्कर, शिक्षक एवं पालक सहित अन्य बच्चे उपस्थिति रहें।



### आबकारी विभाग की छापेमार कार्यवाही, 16 लीटर महुआ शराब जब्त



**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को दीपमाला नागदेव आबकारी उपनिरीक्षक आबकारी वृत्त दर्री गेवरा को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कटसिरा थाना हरदीबाजार में अवैध महुआ शराब रखकर बिक्री किया जा रहा है। सूचना मिलने पर आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा की गई छापामार कार्यवाही की गई। पकड़े गए आरोपी जिनमें जोतराम पिता सेतराम जाति कोरवा से 7.5 लीटर एवं गणेश कोरवा पिता लच्छी राम जाति कोरवा से 9 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) (क,ख) 34 (2) 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।


## कोरबा मार्केट





**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पोंडीउपरोडा जिला कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

**रा.प्र.क./ / बी-121/2023-24**
**ग्राम-माचाडोली, प0ह0नं0 52**
**तहसील-पोंडीउपरोडा, जिला कोरबा (छ0ग0)**

आवेदक /आवेदिका आवेदिका जितेन्द्र कुमार यादव पिता बृजलाल यादव जाति यादव निवासी ग्राम लालपुर (माचाडोली) तहसील पोंड़ीउपरोड़ा जिला कोरबा (छ0ग0) द्वारा अपने माता सुधरिया यादव की मृत्यु दिनांक 11.08.2021 स्थान - लालपुर (माचाडोली), तहसील पोंड़ीउपरोड़ा, जिला कोरबा (छ0ग0) में घर में आकस्मिक मृत्यु होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म - मृत्यु को जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अन्तर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र पत्र अनुलपब्धता एवं दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/04/2024 तक दावा /आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियम समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पोंड़ी-उपरोड़ा**
**जिला-कोरबा (छ0ग0)**

## खबर संक्षेप

### शहर की सुंदरता को लग रहा ग्रहण

**कोरबा।** नगर निगम ने शहर की सौंदर्यता के लिए लाखों रुपए खर्च कर जगह-जगह लाइट वाली आकर्षक आई लव कोरबा का बोर्ड लगाया गया है। लेकिन इसके देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो गई है। घंटाघर और सीएसईबी चौक पर लगाए गए बोर्ड उखड़ गए हैं। इसके अलावा फौव्वारे भी लंबे समय से बंद पड़े हुए हैं। इसके बाद भी इसके मरम्मत व दुरूस्ती पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह शहर का मुख्य मार्ग है। गौरतलब है कि पहले कुछ ही हिस्से की बोर्ड खराब थी। लेकिन जिम्मेदार ने समय पर इसके सुधार पर ध्यान नहीं दिया। इस कारण अब धीरे-धीरे यह सभी अक्षर के बोर्ड खराब और क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। यहां पहुंचे वाले लोगों को निराशा हो रही है। यह स्थिति तब है जब नगर निगम के पास क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए फंड की कमी नहीं है।

### माह ए रमजान में फलों के दाम में हुआ इजाफा

**कोरबा।** इन दिनों फलों के दाम आसमान छू रहे हैं। रमजान के दिनों में बहुतायत इस्तेमाल होने वाले फल सामान्य से दोगुने दाम में मिल रहे हैं। व्यापारी कहते हैं कि फलों के थोक दाम ही ऊंचे, फिर कैसे सस्ता बेचें। फल व्यवसायी ने बताया कि महंगाई से उनकी बिक्री काफी है। थोक भाव में ही फल काफी महंगे भाव में मिल रहे हैं इसलिए इन्हें सस्ता बेच पाना संभव नहीं है। बता दें कि इन दिनों अच्छे सेबों के भाव पिछले साल की तुलना में डेढ़ गुना लगभग 230 रुपए किलो है। केला भी 70 रुपए दर्जन के भाव से बिक रहा हैं। इसके अलावा पपीता 50 रुपए किलो और अनानास 120 रुपए नग के भाव से बिक रहा है। अंगूर 100 से 120 रूपए किलो में बिक रहा है।

### स्वीप ने रंगोली बनाओ के तहत मतदाताओं को कर रहे जागरूक



**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. जेएल चौहान स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैसमा के मार्गदर्शन में गुरुवार को स्वीप के अंतर्गत रंगोली बनाओ मतदाता जागरूकता लाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी स. प्राध्यापक दीपेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से विविध आकृति बनाकर मतदान प्रथम कर्तव्य, 7 मई को मतदान अवश्य करें, समाज के प्रत्येक वर्ग का मतदान देकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने इत्यादि का संदेश भावचित्रित किया। कार्यक्रम में निकिता कुर्रे, निशा दिवाकर, हेमलता, साधना, वैशाली, नीता, रमादेवी, प्रियंका कुर्रे, सुनिता पटेल, अरविन्द लहरे, इंद्र सिंह वाकरे, हेमपुष्पा कंवर, रामकुमार खुंटे एवं सोनिया इत्यादि ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. अर्चना दिवान, सहा. प्राध्यापक श्रीमती श्वेता शुक्ला, श्रीमती पदमिनी कटकवार, सुश्री प्रभा सोनंत, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजू सिंह कंवर, डॉ. अनुराधा तिर्की एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ शामिल रहे।

## डोनेशन के साथ छात्रों से लेते हैं क्रीड़ा शुल्क

# निजी स्कूल फीस बढ़ाने में आगे, क्रीड़ा शुल्क पटाने में बरती जा रही कोताही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निजी स्कूल प्रबंधन प्रति वर्ष 8 प्रतिशत फीस बढ़ने में जिस तरह से तत्परता दिखाता है उतनी तत्परता शासन को क्रीडा शुल्क की राशि पटाने में नहीं दिखाता। जिसके लिए शिक्षा विभाग को बार-बार नोटिस जारी करनी पड़ती है। क्रीडा शुल्क पटाना प्रति वर्ष अनिवार्य होता है, जिसे स्कूल में प्रवेश प्रारंभ होने के बाद शिक्षा विभाग में जमा कराना पड़ता है। क्रीडा शुल्क के रूप में शिक्षा विभाग को प्रति वर्ष 7 से 8 लाख रूपये प्राप्त होते हैं। जिसके लिए उन्हें साल भर निजी स्कूल प्रबंधन की राह देखनी पड़ती है। जिले में शासकीय स्कूलों के साथ साथ 100 से अधिक निजी स्कूल संचालित हैं, जिनके द्वारा प्रति वर्ष नये शिक्षण सत्र में प्रवेश शुरू होते ही प्रत्येक छात्रों से 100 से 200 रूपये तक क्रीडा शुल्क के रूप में लिए जाते हैं। उक्त राशि में 45 प्रतिशत शिक्षा विभाग में जमा करना पड़ता है। वहीं 5 प्रतिशत विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना पड़ता है। उक्त राशि से शिक्षा विभाग शालेय खेलकूद कलेंडर के अनुसार ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक की प्रतियोगिताएं आयोजित करता है। निजी स्कूलों द्वारा डोनेशन के साथ लिए जाने वाले क्रीडा शुल्क की राशि जुलाई माह से पटाना शुरू होता है, लेकिन कई निजी स्कूल प्रबंधन इस मामले में लापरवाही बरतते हैं, जिसके लिए विभाग को नोटिस जारी करना पड़ता है। सितंबर से शालेय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो जाती है और इसके पूर्व क्रीडा शुल्क की राशि बीईओ और डीईओ ऑफिस में जमा कराना अनिवार्य होता है। जिस मामले में बड़े निजी स्कूल लापरवाही बरत रहे हैं इस सिलसिले में शिक्षा विभाग द्वारा क्रीडा शुल्क पटाने नोटिस भी जारी की जाती है। नये शिक्षण सत्र शुरू होने के पूर्व क्रीडा शुल्क पटाना अनिवार्य है। हाल ही में शिक्षा विभाग ने ऐसे स्कूलों की जानकारी ली है जो क्रीडा शुल्क पटाने में लापरवाही बरत रहे हैं।

**खास बात**

- बीईओ के साथ डीईओ ऑफिस में करना पड़ता है जमा



फाइल फोटो

### शुल्क लेने के बाद भी खेल नहीं

निजी स्कूलों में कुछ ऐसे भी हैं जो छात्रों से क्रीडा शुल्क तो लेते हैं, लेकिन प्रतियोगिता आयोजित कराने में रूचि नहीं लेते। यहां तक कि शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अपने यहां से छात्रों को भी नहीं भेजते, जिससे खेल प्रतिभाएं उभर नहीं पाती। शासन एक तरफ खेलों को बढ़ावा देने के लिए मैदान में खेल संसाधन उपलब्ध करा रहा है। वहीं दूसरी ओर निजी स्कूल प्रबंधन फीस एवं क्रीडा शुल्क बढ़ाने को लेकर सबसे आगे रहता है। छात्रों को प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु रूचि नहीं दिखाता।

### तैयार की जा रही जानकारी

निजी स्कूल प्रबंधन को क्रीडा शुल्क की राशि शिक्षा विभाग को पटाना अनिवार्य है, जो स्कूल इस मामले में लापरवाही बरत रहे हैं उनकी जानकारी तैयार की जा रही है। पूर्व में ऐसे स्कूल प्रबंधन को नोटिस भी जारी की जा चुकी है। शिक्षण सत्र शुरू होते ही क्रीडा शुल्क पटाने हेतु निजी स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए जाएंगे।
**- टीपी उपाध्यायजिला शिक्षा अधिकारी**

## पांच साल से कॉलेज के हॉस्टल बनकर हैं तैयार, अब तक नहीं हुए शुरू


पीजी कॉलेज हॉस्टल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उच्च शिक्षा के लिए शहर के दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्रओं के लिए कॉलेज में बनाए गए हॉस्टल आज तक उनको इसकी उपलब्ध नहीं मिल सकी है। पांच साल पूर्व बने शहर के पीजी कॉलेज एवं मिनीमाता कॉलेज के हॉस्टल प्रबंधन को हैंडओव्हर ही नहीं हुए हैं। वहीं कटघोरा क्षेत्र में बना हॉस्टल खंडहर में तब्दील हो गया है। यहां भी पाली और पोड़ी-उपरोड़ा के छात्र उच्च शिक्षा के लिए कटघोरा आते हैं।

ग्रामीण अंचलों से उच्च शिक्षा के लिए शहर आने वाले छात्रों को हॉस्टल की सुविधा न मिलना एक बड़ी समस्या के रूप में छात्र छात्राओं के सामने आया है। पांच वर्ष पूर्व 64 लाख की लागत से पीजी कॉलेज में 50 सीटर एवं 2 करोड़ 72 लाख की लागत से 100 सीटर छात्रावास का निर्माण वर्ष 2017 में किया गया था। दोनों ही छात्रावास अब तक कॉलेज प्रबंधन को अब तक हैंडओव्हर नहीं हुए हैं, जबकि भवन का निर्माण को हुए 5 साल बीत गए और अब वह भी रखरखाव के अभाव में अपनी शक्ल सूरत खो रहे हैं। अगर जल्द ही उनके संचालन पर कोई योजना तैयार नहीं हुई तो करोड़ों की लागत से बने इन दोनों छात्रावासों का हालत भी नगर निगम के वार्डों में बने सामुदायिक भवनों की तरह हो जाएंगे, जो शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों के अड्डा बन जाते हैं। कई खिड़ियों के कांच भी टूट चुके हैं। हालांकि चौकीदार नियुक्त किया गया है, लेकिन उसके बावजूद स्थिति खराब बनी हुई है। जिला प्रशासन भी इसके प्रति गंभीर नहीं है। हॉस्टल के बन जाने के बाद छात्रों को यह उम्मीद थी कि उन्हें जल्द ही इसकी सुविधा मिलेगी, लेकिन पांच साल बीत गए जिला प्रशासन ने भी हॉस्टल शुरू कराने गंभीरता नहीं दिखाई।

**खास बात**

- पीजी कॉलेज एवं मिनीमाता के हॉस्टल हैंडओव्हर नहीं हुए
- कटघोरा कॉलेज का हॉस्टल 10 वर्ष से पड़ा है बेकार

### मिनीमाता में तीन वर्ष पूर्व बना छात्रावास

पीजी कॉलेज की तरह मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में भी पीजी कॉलेज की तरह हॉस्टल निर्माण की योजना तैयार करते हुए वर्ष 2021 में इस कार्य की शुरूआत की गई। 100 सीटर कॉलेज का निर्माण 2 करोड़ 72 लाख की लागत से किया गया था वह भी आज तक शुरू नहीं किया गया है। मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में भी शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्रों से एवं ग्रामीण अंचलों से छात्राएं पढ़ने के लिए आती हैं। मजदूबरी में उन्हें किराये के भवन में रहना पड़ता है या फिर प्रतिदिन यात्री वाहनों से आना आना करने की वजह से आर्थिक भार में सहना पड़ता है। इसी तरह कटघोरा में मुकुटधर पाण्डेय शासकीय महाविद्यालय में भी छात्रावास का निर्माण हुआ था। वह भी रखरखाव के अभाव में जर्जर हो चला है। वहां नये भवन के निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# उत्पादन कंपनी का डीएसपीएम संयंत्र देश के टॉप 3 संयंत्र में हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसी भी विद्युत संयंत्र के लिए प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) बहुत मायने रखता है। बेहतर पीएलएफ के परिणामस्वरूप प्रति यूनिट ऊर्जा की लागत कम होती है। खत्म हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के डीएसपीएम संयंत्र ने सर्वाधिक पीएलएफ अर्जित करने वाले देश के टॉप तीन विद्युत संयंत्रों में शामिल हो गया है।

छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 500 मेगावाट क्षमता वाले डीएसपीएम संयंत्र में 250 मेगावाट की दो इकाईयां प्रचालन पर है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में डीएसपीएम ने 92.73 प्रतिशत पीएलएफ अर्जित कर पूरे देश में तीसरा स्थान बनाया है। पीएलएफ के मामले में डीएसपीएम से पूरे देश में दो संयंत्र आगे हैं। पूरे देश में टॉप पर मध्यप्रदेश राज्य सरकार का अमरकंटक विस्तार थर्मल पॉवर स्टेशन है। 210 मेगावाट क्षमता वाले इस संयंत्र ने सर्वाधिक 97.80 प्रतिशत पीएलएफ अर्जित किया है। दूसरे नम्बर पर मध्यप्रदेश में ही स्थित निजी क्षेत्र के सासन अल्ट्रा मेगा पॉवर प्लांट रहा है। रिलायंस समूह के 3960 मेगावाट क्षमता वाले इस संयंत्र ने 93.52 प्रतिशत पीएलएफ अर्जित किया है। छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी तीन संयंत्रों की कुल क्षमता 2840 मेगावाट है। वित्तीय वर्ष 2023- 24 में कंपनी ने 18200 मिलियन यूनिट के लक्ष्य के मुकाबले 21068.13 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया। कंपनी का औसत प्लांट लोड फैक्टर 84.45 प्रतिशत रहा। यह पीएलएफ देश में स्थित 33 स्टेट सेक्टर की पॉवर कंपनियों में सर्वाधिक है। यानी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी ने पीएलएफ के मामले में देश में टॉप किया।

**खास बात**

- डीएसपीएम संयंत्र ने हासिल किया 92 .73 प्रतिशत पीएलएफ


फाइल फोटो

### क्या है प्लांट लोड फैक्टर

लोड फैक्टर को किसी निश्चित अवधि के औसत लोड और उस अवधि में होने वाली अधिकतम मांग (पीक लोड) के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है। दूसरे शब्दों में, लोड फैक्टर घंटों की एक निश्चित अवधि में खपत की गई ऊर्जा और उस विशेष अवधि के दौरान होने वाले चरम लोड का अनुपात है। लोड फैक्टर का मतलब है कि हम कितनी कुशलता से ऊर्जा का उपयोग करते हैं। यह किसी निश्चित अवधि के दौरान विद्युत ऊर्जा के उपयोग से लेकर उस अवधि में उपयोग की गई अधिकतम ऊर्जा तक का माप है। लोड फैक्टर प्रति यूनिट उत्पादन की लागत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लोड फैक्टर जितना अधिक होगा, समान अधिकतम मांगों के लिए उत्पादन लागत उतनी ही कम होगी। ऊर्जा के संबंध में लोड फैक्टर, दिनों, सप्ताहों, महीनों या वर्षों में घंटों की संख्या के आधार पर हम विभिन्न लोड कारकों को परिभाषित करते हैं। दैनिक लोड फैक्टर के लिए, अवधि टी को 24 घंटे के रूप में लिया जाता है। इसी प्रकार, सप्ताहों, महीनों और वर्षों के लिए का अलग-अलग मान लिया जाता है।

### विचारों से ही न्याय और शांति कायम की जा सकती : पवन

**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कोरबा के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने कहा कि आज मानवीय मूल्यों की लड़ाई सबसे बड़ी लड़ाई बन गई है। वर्तमान समय में क्रांतिकारी शहीदों के विचारों और मूल्यों को बचाने की सबसे बड़ी जरूरत है। वर्तमान शासन और शासक वर्ग द्वारा शहीदों के योगदान को जान बुझ कर भुलाया जा रहा है। आज मुनाफाखोरी की वजह से कोरबा जिले में प्रदूषण, पर्यावरण की समस्या बढ़ती जा रही है। मानवीय गतिविधियों की वजह से जीवन के सामने अनेकों समस्याएं खड़ी हो गई हैं।

# हिन्दू नववर्ष के लिए कोसाबाड़ी से सीतामणी तक यातायात रहेगा लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिन्दू नववर्ष के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी शुरु कर दी है। 9 अप्रैल की दोपहर 1 बजे से देर रात कोसाबाड़ी से सीतामणी मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा और लोगों को आना जाना करने के लिए परिवर्तित मार्ग का सहारा लेना पड़ेगा इसके लिए पुलिस ने रोड मैप जारी कर दिया है।

शहर में हिन्दू नववर्ष के मौके पर 9 अप्रैल को दो अलग-अलग विशाल रैलियों का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में दर्शकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहती है। पहली शोभायात्रा कोसाबाड़ी स्थित हनुमान मंदिर से निकालकर टीपी नगर तथा दूसरी शोभायात्रा सीतामढ़ी से टीपी नगर के बीच निकाली जाएगी। दोनों शोभायात्राओं को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गये हैं। शोभायात्रा को हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पूरे शहर विशेषकर शोभायात्रा के मार्गो पर सीसीटीव्ही कैमरों एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से रैली की आड़ में आसामाजिक तत्वों, जेब कतरों तथा शरीर से जेवर चोरी/छिनने वालों की निगरानी रखी जाएगी। शोभायात्रा को देखते हुए पूर्व से स्थापित सीसीटीव्ही कैमरों के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर जन सहयोग से नए सीसीटीव्ही कैमरे लगवाए गये हैं। बदमाशों पर निगरानी रखने के लिए शोभायात्रा संचालन समितियों द्वारा अपने वालेंटियर्स के माध्यम से तथा पुलिस द्वारा ऐसे बदमाशों को पहचानने वाले स्पाटर्स लगाकर असामाजिक तत्वों, चोरों, जेबकतरों एवं बदमाशों की पहचान एवं कार्यवाही की जाएगी।

**खास बात**

- परिवर्तित मार्ग से लोगों को किया जाएगा डायवर्ट, सीसीटीवी कैमरा से होगी निगरानी



### बनाया गया रूट चार्ट

9 अप्रैल को हिंदू नववर्ष के मद्देनजर यातायात पुलिस ने शहर के कोसाबादी चौक से सीतामढ़ी तक मुख्य मार्गों को पूरी तरह से बंद किया है। आम लोगों के आने-जाने के लिए पुलिस ने डायवर्सन मार्ग दिया है। जिसमें उरगा तिराहे से सर्वमंगला की ओर जा सकते हैं जबकि इसी तरह बरबसपुर तिराहे से लोग बालको की ओर आना-जाना कर सकते हैं। इमलीडुग्गू से नहर पार में लोग आना-जाना सर्वमंगला से लोग राताखार पुल और दर्री की ओर आना-जाना कर सकते हैं। अग्रसेन तिराहा चौक से दर्री की ओर लोग सीधे जा सकेंगे। टीपी नगर गुरु घासीदास तिराहा के मानिकपुर की ओर लोग आना जाना करेंगे जबकि आरटीओ पुराना तिराहा चौक से आईटीआई चौक की ओर आना-जाना कर सकते हैं।

# लोकतंत्र व संविधान को खतरे से बचाने यह चुनाव महत्वपूर्ण : महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक, मणिपुर से मुंबई तक न्याय यात्रा की। इस दौरान जो अनुभव उन्होंने किया उसे न्याय पत्र के रूप में सामने रखा गया है। न्याय पत्र हमारा संघर्ष है, हमारी तपस्या है और हमारा संकल्प है जिससे हम सब बंधे हैं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस इस घोषणा न्याय पत्र के साथ आम जनता के सामने स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित करने चुनावी मैदान में उतरेगी। वर्ष 2019 के घोषणा पत्र में हमने जो बातें कही थी, चूंकि हमारी सरकार नहीं बन सकी तो वह घोषणा पत्र पूरा का पूरा हमने इस न्याय पत्र में शामिल किया है, जो यथावत माने जाएंगे और इन्हें पूरा करने की हम प्रतिबद्धता जाहिर करते हैं।

उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने तिलकभवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही।

इस दौरान डॉ महंत ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव का न्याय पत्र 2024 का विमोचिन किया। डॉ. महंत ने न्याय पत्र में शामिल 5 न्याय और 25 गारंटियों की जानकारी दी। घोषणा पत्र में युवाओं को 30 लाख नौकरियां, गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना, किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी, जातिगत जनगणना, इसके आधार पर आरक्षण, आरक्षण से 50 प्रतिशत की सीमा हटाने, अग्निवीर योजना बंद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और आर्थिक बिंदुओं पर जो देखा उसे घोषणा पत्र में लाया है और उन्हें पूरा किया जाएगा। हमने घोषणा पत्र में आदिवासियों के हित की भी बात कही है और निश्चित ही वे हमारे साथ आएंगे। यह घोषणा पत्र क्षेत्र विशेष नहीं बल्कि भारत की जनता के प्रति विशेष है। देश का संविधान जो हमारी जीवन रेखा है उस पर खतरा मंडरा रहा है। देश में स्वस्थ लोकतंत्र व संविधान को खतरे से बचाने के लिए यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है और प्रत्येक व्यक्ति अपने मत का उपयोग करे। डॉ. महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पिछले चुनाव से इस बार काफी मजबूत स्थिति में है, हम कोरबा लोकसभा में भी बढ़त हासिल कर पुराने रिकॉर्ड को आगे बढ़ाएंगे। घोषणा न्याय पत्र विमोचन के अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, शहर अध्यक्ष सपना चौहान, सभापति श्यामसुंदर सोनी भी उपस्थित थे।

**खास बात**

- न्याय पत्र के साथ स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित करने चुनावी मैदान में उतरेगी कांग्रेस
- नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने जारी किया कांग्रेस का घोषणा पत्र-न्याय पत्र 2024


घोषणा पत्र जारी करते नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत एवं अन्य कांग्रेसी।

### युवती से दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा।** थाना पसान क्षेत्र अंतर्गत सीपतपारा पिपरिया निवासी पीडिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 29 मार्च के 3 बजे के आसपास पीड़िता अपनी दीदी के साथ पिपरिया बाजार गई हुई थी तभी ग्राम कटकोना निवासी नंदकुमार मार्को अपनी मोटर सायकल को बाजार में रोककर पूछा कि सीपतपारा मोहल्ला जा रहे हो मेरी गाडी में बैठों छोड दूंगा कहने पर पीड़िता बैठ गयी। आरोपी नंदकुमार मार्को ने पीड़िता को सीपतपारा मोहल्ला न ले जाकर बेलकामार जंगल पिपरिया ले गया और वहां पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर जबरन बलात्कार के घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 376, 294, 506, 323 भादवि कायम किया गया। मामले के आरोपी नंदकुमार मार्को पिता विश्वनाथ मार्को उम्र 26 वर्ष साकिन कटकोना थाना खण्डगवां जिला एमसीबी (छ.ग.) को दिनांक 4 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर कटघोरा जेल भेज दिया गया है।







